प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 19.07.2025 समय : 01:00 पी.एम.

0000

समूचा प्रदेश तेज बारिश से प्रभावित है। अधिकांश भागों में बीते 24 घंटों में मध्यम से भारी बारिश दर्ज की गयी। वहीं कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश हुई। राज्य के पूर्वी क्षेत्रों में सबसे ज्यादा 23 सेंटीमीटर पानी बूंदी के नैनवा में बरसा। उधर पश्चिमी राजस्थान में नागौर के मेडता सिटी में भी 23 सेंटीमीटर बारिश हुई। अजमेर जिला और आस–पास के क्षेत्रों में 10 सेंटीमीटर से ऊपर बरसात दर्ज की गयी। भारी बारिश के चलते कई स्थान जलमग्न हो गये है। नदी नाले पूरे वेग से बह रहे है। इससे गांव का संपर्क मुख्य मार्गो से टूट गया है। बारिश के मद्देनजर राज्य के कई जिलों में स्कूलों और आंगनबाडी केन्द्रों की छुट्टी रखी गयी है। इनमें कोटा, बारां, झालावाड़, बूंदी, अजमेर, पाली और राजसमंद शामिल है। जालौर में कल से लगातार बरसात हो रही है। राजसमंद में पिछले 24 घंटों से रूक–रूक कर बारिश का दौर जारी है। जिले के गडबोर, कुंभलगढ, खमनौर और देवगढ में अच्छी बरसात हुई है। अजमेर में शहरी इलाकों में पानी भर गया है। सवाईमाधोपुर में बामनवास में गंडालबांध पर एक फीट की चादर चल रही है। मौसम विभाग ने आज जोधपुर संभाग में भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना जतायी है। वहीं अजमेर और उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं मध्यम से भारी बारिश होने के आसार हैं। मौसम केंद्र जयपुर ने कल से बारिश की गतिविधियों में थोड़ी कमी आने की संभावना व्यक्त की है।

00000

बाडमेर के पचपदरा स्थित राजस्थान रिफाइनरी का काम लगभग 88 प्रतिशत पूरा हो चुका है। खान और पेट्रोलियम विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकान्त ने कल जयपुर में रिफाइनरी के अधिकारियों के साथ रिफाइनरी प्रगति की समीक्षा बैठक में ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रिफाइनरी की 10 प्रोसेस इकाइयों का करीब 94 से 98 प्रतिशत तक काम पूरा हो गया है। उन्होंने अधिकारियों को सल्फर रिकवरी यूनिट के काम में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही रिफाइनरी और आसपास के क्षेत्र में व्यापक स्तर पर पौधारोपण करने को कहा।

0000

करौली जिला आज अपना 28 वां स्थापना दिवस मना रहा है। वर्ष 1997 में आज ही के दिन करौली को प्रदेश का 32 वां जिला बनाया गया था। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जिले के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए सभी की खुशहाली की कामना की है। उन्होंने सोशल मीडिया संदेश में लिखा कि करौली जिला अद्‌भुत प्राकृतिक सौंदर्य, एतिहासिक विरासत और सांस्कृतिक विविधताओं से समृद्ध है। स्थापना दिवस के अवसर पर जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।

00000

स्वाधीनता सेनानी मंगल पांडे की जयंती पर आज राष्ट्र उन्हें नमन कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में मंगल पांडे को देश का महान योद्धा बताते हुए उनकी सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि मंगल पांडे ने ब्रिटिश शासन को चुनौती दी थी और उनके साहस और वीरता की कहानी देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रहेंगी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी उन्हें नमन करते हुए लिखा कि उनका त्याग और बलिदान हमेशा मातृभूमि की सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा।

00000

राजस्थानी भाषा के प्रख्यात साहित्यकार और पद्मश्री अर्जुन सिंह शेखावत का पाली में निधन हो गया। वे 91 वर्ष के थे और पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। पाली के भादरलाऊ गांव में चार फरवरी 1934 को जन्मे अर्जुन सिंह शेखावत ने 'अणबोल्या बोल', 'राजस्थानी व्रत कथा' और 'संस्कृति रा वडेरा' जैसी रचनाएं की, जिनमें आदिवासी संस्कृति और राजस्थानी परंपराओं को प्रमुखता दी गई। श्री शेखावत के निधन से साहित्य जगत शोक में की लहर है।

00000

ब्यावर के सेंदडा स्टेशन के पास कल देर रात दिल्ली की ओर से आ रही बांद्रा दिल्ली सरायरोहिल्ला रेल के इंजन में अचानक आग लग गयी। अजमेर रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अशोक चौहान ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। इस रेलगाडी को इंजन बदलकर सुबह 6 बजे अपने गंतव्य को रवाना किया गया। प्रारम्भिक जांच में आग का कारण स्पार्किंग होना बताया जा रहा है।

0000

राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की ओर से प्रशिक्षकों और उत्कृष्ट खिलाडियों से पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। परिषद ने गुरु वशिष्ठ और महाराणा प्रताप पुरस्कार के लिए ये आवेदन मांगे हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई है।

0000